ADITYA BIRLA

HINDALCO

दिनांक : 15.07.2019

22/07/2019

सेवा में,
श्रीमान् प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग
रेणुकूट, सोनभद्र, उ0प्र0।

विषय : जनपद–सोनभद्र में रेणुकूट वन प्रभाग द्वारा रेणुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु लीज पर दी गयी 61.2348 हेक्टेयर वनभूमि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत प्रदत्त कुल 126.27 हेक्टेयर में से 61.2348 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि के लीज आगामी 10 वर्षो (21.06.2019 से 20.06.2029 तक) के लिये नवीनीकरण के संबंध में।

संदर्भः 1. मुख्य वन संरक्षक,लखनऊ के पत्रांक 2384 / 11सी– एफपी / यूपी / अदर्स / 39403 / 2019 दिनांक 18.06.2019।
2. आपका पत्रांक 4446 / रेणुकूट / 15–31 दिनांक 20.06.2019 ।

महोदय,

विषयक प्रकरण में सादर अवगत कराना है मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ द्वारा विषयक प्रकरण के संदर्भित प्रस्ताव में निम्नलिखित कमियॉ / अभिलेखों का अभाव पाया गया है। उक्त कमियों / अभावों को दूर करते हुये उक्त प्रस्ताव पुनः आपके अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| कमांक | विवरण | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है, किन्तु रिपोर्ट में भारत सरकार / राज्य सरकार के पत्रांक व दिनांक त्रुटिपूर्ण अंकित किया गया है । अतः इसे संशोधित कर ऑनलाइन भाग–2 कमांक 15 में भी संलग्न करें । | इस बिन्दु का उत्तर प्रभागीय वनाधिकारी, रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट, सोनभद्र के स्तर से दिया जाना है । |
| 2 | परियोजना में आरक्षित वनभूमि प्रभावित हो रही है । अतः परियोजना में प्रस्तावित आरक्षित वनभूमि का जिलाधिकारी से मूल्य निश्चित कराकर मूल्य के बराबर प्रीमियम (वनभूमि का मूल्य) और प्रीमियम का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज रेंट वन विभाग के पक्ष में भुगतान किये जाने की वचनबद्धता प्रमाण पत्र स्पष्ट रूप से संलग्न नहीं है। | परियोजना में प्रस्तावित आरक्षित वनभूमि का जिलाधिकारी से मूल्य निश्चित कराकर मूल्य के बराबर प्रीमियम (वनभूमि का मूल्य) और प्रीमियम का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज रेंट वन विभाग के पक्ष में भुगतान किये जाने की वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न है। |

प्राप्ति 22/7/19

ADITYA BIRLA

HINDALCO

| | | |
|---|---|---|
| 3 | परियोजना में लागत लाभ विश्लेषण से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न है किन्तु प्रमाण पत्र में एन0पी0वी0 की गणना की दर प्रस्ताव में उल्लिखित इको क्लास व हरियाली घनत्व के अनुसार नहीं है । अतः इको क्लास व हरियाली घनत्व के अनुसार लागत लाभ विश्लेषण में एन0पी0वी0 दर का उल्लेख करते हुये लागत लाभ विश्लेषण से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर ऑन लाईन भाग–1 में अपलोड करें । | परियोजना में लागत लाभ विश्लेषण से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न है एवं प्रमाण पत्र में एन0पी0वी0 की गणना की दर प्रस्ताव में उल्लिखित इको क्लास व हरियाली घनत्व के अनुसार संशोधित कर दिया गया है। लागत लाभ विश्लेषण से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर ऑन लाईन भाग–1 में अपलोड कर दिया गया है। |
| 4 | एन0पी0वी0 की गणना संलग्न है किन्तु प्रमाण पत्र में एन0पी0वी0 की गणना की दर प्रस्ताव में उल्लिखित इको क्लास व हरियाली घनत्व के अनुसार नहीं है । अतः सही इको क्लास व हरियाली घनत्व के अनुसार सही एन0पी0वी0 की दर से संशोधित एन0पी0वी0 की गणना संलग्न करें तथा ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें। | इस बिन्दु का उत्तर प्रभागीय वनाधिकारी, रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट, सोनभद्र के स्तर से दिया जाना है । |
| 5 | गजट नोटिफिकेशन की प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रमाणित छायाप्रति संलग्न है किन्तु प्रस्तावित स्थल चिन्हित नहीं किया गया है । | इस बिन्दु का उत्तर प्रभागीय वनाधिकारी, रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट, सोनभद्र के स्तर से दिया जाना है । |
| 6 | प्रस्ताव में मुख्य वन संरक्षक की स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न नहीं किया गया है। | इस बिन्दु का अनुपालन मुख्य वन संरक्षक स्तर से किया जाना है । |
| 7 | हार्डकापी भाग–2 से संबंधित सभी 13 बिन्दुओं का विवरण अंकित नहीं किया गया है । अतः हार्डकापी भाग–2 से संबंधित सभी 13 बिन्दुओं का विवरण अंकित करते हुये संशोधित हार्डकापी भाग–2 संलग्न कर ऑन लाइन भाग–2 में अपलोड करें । | इस बिन्दु का उत्तर प्रभागीय वनाधिकारी, रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट, सोनभद्र के स्तर से दिया जाना है । |
| 8 | प्रस्ताव में प्रयोक्ता अभिकरण व वन विभाग के अधिकारियों के हस्ताक्षर व मुहर अंकित है किन्तु उनके नाम अंकित नहीं किये गये है । | प्रस्ताव में प्रयोक्ता अभिकरण व वन विभाग के अधिकारियों के हस्ताक्षर व मुहर व उनका नाम अंकित कर दिया गया है । |
| 9 | प्रस्ताव में मूल लीज की सैद्धांतिक स्वीकृति के पत्र दिनांक 20.11.1996 की छायाप्रति एवं प्रथम लीज नवीनीकरण के सैद्धांतिक स्वीकृति के पत्र दिनांक 13.02.2017 की सत्यापित छायाप्रति संलग्न नहीं है । | प्रस्ताव में मूल लीज की सैद्धांतिक स्वीकृति के पत्र दिनांक 20.11.1996 की छायाप्रति एवं प्रथम लीज नवीनीकरण के सैद्धांतिक स्वीकृति के पत्र दिनांक 13.02.2017 की सत्यापित छायाप्रति संलग्न है । |

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District. Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: +91 22 6691 7001
Corporate ID No: L27020MH1958PLC011238

ADITYA BIRLA

HINDALCO

| | | |
|---|---|---|
| 10 | पूर्व में ऑनलाइन अपलोड किये गये त्रुटिपूर्ण प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन से डिलिट करते हुये उपरोक्तानुसार संशोधित प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करें । | पूर्व में ऑनलाइन अपलोड किये गये त्रुटिपूर्ण प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन से डिलिट करते हुये उपरोक्तानुसार संशोधित प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। |

अतः मुख्य वन संरक्षक/ नोडल अधिकारी, लखनऊ के निर्देशनुसार उक्त प्रस्ताव संख्या FP/UP/IND/39403/2019 की हार्ड कापी (तीन प्रतियों में) समस्त अभिलेखों सहित मय सीडी इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

15/7/19

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

संलग्नक : उपरोक्तानुसार ।

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District. Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: +91 22 6691 7001
Corporate ID No: L27020MH1958PLC011238